तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 32.2° | 14.4° |
| इंदौर | 30.6° | 16.8° |
| जबलपुर | 31.5° | 14.2° |
| ग्वालियर | 30.0° | 14.8° |

दैनिक
# नईदुनिया
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल : वर्ष 40 अंक 84,पृष्ठ 12)
शुक्रवार 21 फरवरी 2025
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये


**राजधानी...** जीआईएस-2025: राजधानी में होगा वैश्विक...

**खेल...** श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर हुईं न्यूजीलैंड की...

**व्यापार...** भारत और कतर के बीच व्यापार समझौते में...

**देश-विदेश...** ट्रंप प्रशासन ने जारी किया वीडियो, प्रवासियों...

www.naiduniaonline.com

# दिल्ली में रेखा राज की शुरुआत

## छह मंत्रियों के साथ मुख्यमंत्री ने ली शपथ, सर्वप्रथम यमुना आरती की



**नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ 6 विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इन मंत्रियों में प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंदर इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह शामिल हैं। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सबसे पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को शपथ दिलवाई इसके बाद प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा, पंकज कुमार सिंह और अंत में रविंदर इंद्राज सिंह ने शपथ ली।**

शपथ ग्रहण में रामलीला मैदान खचाखच भरा था। शपथ ग्रहण समारोह के लिए तीन अलग-अलग मंच तैयार किए गए। मुख्य मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराज्यपाल वीके सक्सेना, मनोनीत मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद के सहयोगी सदस्य, और एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम भी उपस्थित रहे। दूसरे मंच पर धर्मगुरुओं और विशिष्ट अतिथि मौजूद थे, जबकि तीसरे मंच पर संगीत कार्यक्रम से जुड़े कलाकार मौजूद थे। रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री बन गई हैं। उन्होंने रामलीला मैदान में अपने पद की शपथ ग्रहण की। यह भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के लिए एक ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि 27 साल बाद पार्टी दिल्ली की सत्ता में वापस आई है। सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी के बाद रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार बंदना कुमारी को हराया था। इस सीट पर उन्होंने 29,000 से अधिक वोटों के अंतर से शानदार जीत हासिल की थी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सचिवालय में औपचारिक रूप (शेष पेज 2 पर)

### आयुष्मान योजना लागू सीएजी रिपोर्ट जल्द होगी पेश

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शपथ लेने के तुरंत बाद अपने काम में जुट गई है। शपथ ग्रहण के बाद सचिवालय पहुंचकर रेखा गुप्ता ने अपना पदभार संभाला। शाम में वसुदेव घाट पहुंचकर यमुना की पूजा-अर्चना और आरती की। उसके बाद नवगठित मंत्रियों के साथ रेखा गुप्ता कैबिनेट की पहली बैठक हुई। इस बैठक में दिल्ली की भाजपा सरकार ने दो बड़े फैसले लिए। पहला दिल्ली में आयुष्मान योजना को लागू किया गया। दूसरा फैसला कैग रिपोर्ट से जुड़ा है। दिल्ली की भाजपा सरकार कैग की 14 रिपोर्ट को सदन में रखेगी। कैबिनेट बैठक पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि बैठक में हमने दो मुख्यता एजेंडे पर बात किया और उसे पास किया। पहला- दिल्ली में (शेष पेज 2 पर)

### विभागों का बंटवारा, मुख्यमंत्री रेखा खुद देखेंगी वित्त विभाग

दिल्ली के मंत्रियों के बीच में विभागों का बंटवारा हो गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के पास वित्त, योजना, राजस्व सहित कई अन्य विभाग हैं। वहीं परवेश सिंह साहिब के पास लोक निर्माण विभाग, विधायी कार्य जैसे विभाग हैं। आशीष सूद के पास गृह, बिजली सहित अन्य विभाग है। यहां देखें किसे कौन का मंत्रालय मिला। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के पास- वित्त, योजना, जीएडी, डब्ल्यूसीडी, सेवाएं, राजस्व, भूमि और भवन, आई एंड पीआर, सतर्कता, एआर. (कोई अन्य विभाग जो अन्य मंत्रियों को आवंटित न किया गया हो)। परवेश सिंह साहिब के पास- लोक निर्माण विभाग, विधायी कार्य, आई एंड एफसी, जल, गुरुद्वारा चुनाव, आशीष सूद के पास- गृह, बिजली, शहरी विकास, शिक्षा, उच्च शिक्षा, प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा। मनजिंदर सिंह सिरसा के पास- मंत्री खाद्य एवं आपूर्ति, वन एवं पर्यावरण, उद्योग। रविंदर सिंह इंद्राज के पास- मंत्री समाज कल्याण, एससी और एसटी कल्याण, सहकारिता, चुनाव। कपिल मिश्रा के पास- कानून एवं न्याय, श्रम विभाग, रोजगार विभाग, विकास, कला एवं संस्कृति, भाषा विभाग, पर्यटन विभाग। डॉ. पंकज कुमार सिंह के पास- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, परिवहन, सूचना प्रौद्योगिकी।

### एनडीए की बैठक में पीएम मोदी का ऐलान, बोले-
# दो साल में जहां-जहां चुनाव वहां विपक्ष को हराएंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में गुरुवार को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हो गया है। इस समारोह में पीएम मोदी समेत भाजपा के कई शीर्ष नेता और एनडीए शासित राज्यों के सीएम और डिप्टी सीएम मौजूद रहे।**



शपथ समारोह के बाद पीएम मोदी ने एनडीए के नेताओं संग अहम बैठक की। इस बैठक में पीएम मोदी ने कहा है कि आने वाले 2 साल में जहां-जहां चुनाव है वहां एनडीए विपक्ष को हराएगा। जानकारी के मुताबिक, एनडीए की बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि एनडीए एकजुट है और हम सभी विकसित भारत के लिए काम करेंगे और इस लक्ष्य को मिलकर हासिल करेंगे। जानकारी के मुताबिक, बैठक में एनडीए नेताओं ने पीएम मोदी से कहा कि महाराष्ट्र और दिल्ली की तरह हर चुनाव में एनडीए की जीत होगी। बैठक में एनडीए के नेताओं ने गठबंधन की एकता पर बल दिया है। इसके साथ ही बिहार और पश्चिम बंगाल सहित आगामी सभी विधानसभा चुनाव साथ लड़ने का संकल्प लिया है। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण, शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजीत पवार, अपना दल (एस) के सोनेलाल पटेल सहित अन्य घटक दलों के नेता मौजूद थे। इसके साथ ही भाजपा शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्री भी बैठक में शामिल हुए। नेताओं ने इस साल और अगले साल होने वाले चुनावों में प्रभावशाली प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए एकजुट और मजबूती से काम करने का संकल्प लिया। साल 2025 के आखिर में बिहार में विधानसभा चुनाव का आयोजन किया जाएगा। साल 2026 में असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव होंगे। इसके बाद साल 2027 में गोवा, मणिपुर, पंजाब, उत्तराखंड, गुजरात, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव का आयोजन होगा।

बैठक में शासन की रणनीतियों, नीति समन्वय और एनडीए शासित राज्यों में आगामी चुनावों की तैयारियों पर ध्यान केंद्रित होने की उम्मीद है। एनडीए मुख्यमंत्रियों की बैठक में शामिल होने पर आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने कहा कि मैं रेखा गुप्ता जी को बधाई देता हूं। वह यहां इतिहास रच रही हैं। यह एक खूबसूरत जीत थी। यह बीजेपी और एनडीए के लिए एक मीठी सफलता (दिल्ली में बीजेपी की जीत) थी। यह मोदी जी, अमित जी और भाजपा कैडर द्वारा की गई निरंतर कड़ी मेहनत के कारण था। राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि जब बीजेपी सरकार बनती है तो वह पीएम मोदी के दिखाए विजन के मुताबिक काम करती है। मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव ने कहा कि बीजेपी का 21 राज्यों में सरकार बनाना अपने आप में बहुत बड़ी बात है। खुशी तब और बढ़ गई जब 27 साल बाद दिल्ली में बीजेपी की सरकार बनी और हमारी बहन ने सीएम पद की शपथ ली।

## खास-खबरें

### पांच देशों के राजनयिकों ने राष्ट्रपति मुर्मु को परिचय पत्र सौंपे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पांच देशों के राजदूतों और उच्चायुक्तों ने गुरूवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किये। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पनामा, गुयाना, सूडान, डेनमार्क और फिलिस्तीन के राजदू तथा उच्चायुक्तों ने राष्ट्रपति के समक्ष अपने परिचय पत्र पेश किये। परिचय पत्र प्रस्तुत करने वालों में पनामा के राजदूत अलोंसो कोरेया मिगुएल, गुयाना के उच्चायुक्त धर्मकुमार सीराज, सूडान के राजदूत डॉ. मोहम्मद अब्दुल्ला अली एल्टॉम, डेनमार्क के राजदूत रासमस अबिल्डगार्ड क्रिस्टेंसन और फिलिस्तीन के राजदूत अब्दुल्ला मोहम्मद ए. अबुशावेश शामिल हैं।

### नीति आयोग के सीईओ सुब्रह्मण्यम को एक साल का सेवा विस्तार मिला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बीवीआर सुब्रह्मण्यम का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया है। कार्मिक मंत्रालय ने एक आदेश में यह जानकारी दी। छत्तीसगढ़ कैडर के 1987 बैच के सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी सुब्रह्मण्यम को फरवरी, 2023 में दो साल के लिए इस पद पर नियुक्त किया गया था। आदेश में कहा गया कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने नीति आयोग के सीईओ के रूप में सुब्रह्मण्यम के कार्यकाल को 24 फरवरी, 2025 से आगे एक साल के लिए बढ़ाने को मंजूरी दी है।

## भाजपा सरकार दिल्ली को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ राजधानी बनाएगीः शाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर रेखा गुप्ता को बधाई दी और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार राष्ट्रीय राजधानी को स्वच्छ, सुंदर और संपन्न बनाकर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ राजधानी बनाएगी।**



दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) की पूर्व अध्यक्ष और पहली बार विधायक निर्वाचित हुईं रेखा गुप्ता दिल्ली की नौवीं मुख्यमंत्री बन गईं। राष्ट्रीय राजधानी के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने 'धोखे और वादाखिलाफी के राज' को समाप्त कर सेवा और समर्पण की पर्याय भाजपा को चुना है। उन्होंने कहा कि आज नवगठित भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर रेखा गुप्ता तथा अन्य सभी मंत्रियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के वंचितों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों के कल्याण के लिए विकसित दिल्ली का जो विजन बनाया है, वह आप सभी के कुशल नेतृत्व में निश्चित साकार होगा।

### संसद को बम से उड़ाने की धमकी, अदालत ने पूर्व विधायक को ठहराया दोषी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की एक अदालत ने मांगें पूरी न होने पर सितंबर 2022 में संसद को बम से उड़ाने की कथित धमकी देने के मामले में मध्य प्रदेश के पूर्व विधायक किशोर समरीते को दोषी ठहराया है। हालाँकि, विशेष न्यायाधीश विशाल गोग्ने ने उन्हें विस्फोटक रखने और इसके माध्यम से जीवन को खतरे में डालने या चोट पहुँचाने के आरोपों से बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि उनके द्वारा कथित तौर पर राज्यसभा के महासचिव के कार्यालय को भेजे गए पार्सल में पाए गए पदार्थ की जांच करने पर विस्फोट करने की उनकी क्षमता के मामले में हानिरहित निकला। अदालत के फैसले में कहा गया कि विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 5 और विस्फोटक अधिनियम की धारा 9बी के तहत आरोप साबित नहीं हुए, फिर भी यह स्थापित है कि आरोपी ने अपनी मांगें पूरी नहीं होने पर भारत की संसद को उड़ाने की धमकी के साथ एक पत्र भेजा था।

## बेरोजगारी और महंगाई देश में बड़ा मुद्दाः राहुल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में एलओपी और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आज अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के दौरे पर हैं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश के सामने दो बड़े मुद्दे हैं। पहला है बेरोजगारी। दूसरा मुद्दा है महंगाई। हमें ऐसा भारत नहीं चाहिए जहां किसान के बेटे को कड़ी मेहनत करने और प्राइवेट यूनिवर्सिटी में लाखों रुपये देने के बाद भी रोजगार न मिल सके। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी और जीएसटी लागू करके छोटे व्यापारियों को बर्बाद कर दिया है। यह नीति उनके और अडानी और अंबानी जैसे लोगों के बीच एक साझेदारी थी। राहुल ने कहा कि यूपी के युवाओं को रोजगार नहीं मिल सकता है, लेकिन उन्हें तेलंगाना या कर्नाटक में मिल सकता है।



## राष्ट्रपति शासन के बीच गवर्नर भल्ला का अल्टीमेटम, लूटे गए हथियार सरेंडर करें

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर के राज्यपाल अजय भल्ला ने सभी समुदायों के लोगों से लूटे गए और अवैध रूप से रखे गए हथियारों को सात दिनों के भीतर आत्मसमर्पण करने को कहा और आश्वासन दिया कि अल्टीमेटम का पालन करने वालों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। राज्यपाल ने एक आधिकारिक बयान में कहा सामान्य स्थिति बहाल करने के व्यापक हित में ताकि लोग अपनी सामान्य रोजमर्रा की गतिविधियों में लौट सकें। राज्य के सभी समुदायों को शत्रुता की समाप्ति और समाज में शांति और व्यवस्था बनाए रखने को सुनिश्चित करने के लिए आगे आना चाहिए। इस संबंध में मैं ईमानदारी से सभी समुदायों के लोगों, विशेष रूप से घाटी और पहाड़ियों के युवाओं से अनुरोध करता हूं कि वे स्वेच्छा से आगे आएं और लूटे गए और अवैध रूप से रखे गए हथियारों और गोला-बारूद को आज से अगले सात दिनों के भीतर निकटतम पुलिस स्टेशन, चौकी, सुरक्षा बलों के शिविर में आत्मसमर्पण कर दें।



### झारखंड में पहली बार मैट्रिक का पेपर लीक, राज्य में रद्द हुई परीक्षा

**रांची( एजेंसी )।** जेएसी बोर्ड कक्षा 10वीं की हिंदी और विज्ञान विषयों की परीक्षाएं अब रद्द कर दी गई हैं। झारखंड एकेडमिक काउंसिल गुरुवार को एक नोटिस जारी कर पेपर लीक के कारण परीक्षा रद्द करने की घोषणा की। इन झारखंड बोर्ड परीक्षाओं 2025 के लिए पुनः परीक्षा की तारीखें उचित समय पर साझा की जाएंगी। छात्रों और अभिभावकों को सलाह दी जाती है कि वे आधिकारिक वेबसाइट देखते रहें और अधिक जानकारी के लिए संबंधित स्कूल अधिकारियों से संपर्क करें। आधिकारिक बयान के अनुसार, 18 फरवरी को आयोजित जेएसी 10वीं हिंदी परीक्षा और आज होने वाली विज्ञान परीक्षा के प्रश्न पत्र सोशल मीडिया पर लीक हो गए थे।

## चुनावों में हार के लिए राज्य प्रभारी व महासचिव होंगे जिम्मेदार : खड़गे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी के भीतर जवाबदेही की जरूरत पर जोर देते हुए बुधवार को कहा कि सभी महासचिव तथा प्रभारी अपने प्रभार वाले राज्यों में संगठन एवं चुनाव परिणामों के लिए जवाबदेह होंगे तथा आगे भी कड़े फैसले लेने का सिलिसला जारी रहेगा। खड़गे ने कांग्रेस के नए मुख्यालय में पार्टी महासचिवों और प्रदेश प्रभारियों की बैठक में नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति का उल्लेख करते हुए यह भी कहा कि चयन समिति से प्रधान न्यायाधीश को बाहर करने से स्पष्ट है कि सरकार को उनकी निष्पक्षता पर भी भरोसा नहीं है। उन्होंने मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ी को लेकर कहा कि इस चुनौती से निपटना होगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने (शेष पेज 2 पर)



## महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को जान से मारने की दमकी दी जा रही हैं। मुंबई पुलिस को बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कार को उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिला। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल सुबह गोरेगांव और जे जे मार्ग पुलिस थानों में मिले, जिसके बाद मामले की जांच शुरू हुई ।अधिकारी ने बताया कि प्रेषक के आईपी एड्रेस पर नजर रखी जा रही है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। मुंबई पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पहले कहा था कि एक धमकी भरा फोन आया था ।वहीं दूसरी तरफ आपको बता दें कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को रेखा गुप्ता को दिल्ली की मुख्यमंत्री चुने जाने पर बधाई दी।



**स्पेशल खबर** *सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को दिया आदेश...*

# शिशु दुग्धपान के लिए बनाएं अलग से स्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक भवनों में बाल देखभाल और शिशुओं के 'दुग्धपान' के लिए अलग स्थान के महत्व को रेखांकित करते हुए राज्य सरकारों से कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि ऐसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।**

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति प्रसन्न बी वराले की पीठ ने कहा, इस तरह के सुविधा केंद्रों की स्थापना से माताओं की निजता सुनश्चित होगी और यह शिशुओं के लिए फायदेमंद साबित होगा। अदालत ने कहा कि मौजूदा सार्वजनिक स्थानों पर, जहां तक संभव हो, राज्य सरकारें यह सुनिश्चित कर सकती हैं कि ऐसी सुविधाएं प्रदान की जाएं। पीठ ने कहा कि जहां तक सार्वजनिक स्थानों पर नियोजन और निर्माण के चरण में सार्वजनिक भवनों का सवाल है, राज्य सरकारें यह सुनिश्चित कर सकती हैं कि उपयरुक्त उद्देश्यों के लिए पर्याप्त स्थान आरक्षित हो। शीर्ष अदालत सार्वजनिक स्थानों पर शिशुओं और माताओं के लिए दुग्धपान कक्ष, बाल देखभाल कक्ष या कोई अन्य सुविधाएं स्थापित करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी।



केंद्र के वकील ने कहा कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव ने 27 फरवरी 2024 को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को इस मुद्दे पर एक पत्र जारी किया था। पीठ ने कहा कि उसे पता है कि उसने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को कोई नोटिस जारी नहीं किया है, और सचिव के संचार पर संतोष व्यक्त किया, जिसमें याचिका में उल्लिखित अनुरोधों को शामिल किया गया है। पीठ ने कहा कि इसके अवलोकन से हमें पता चला है कि सार्वजनिक स्थानों पर उक्त सुविधाएं स्थापित करने की सलाह का उद्देश्य गोपनीयता सुनिश्चित करना और छोटे बच्चों वाली माताओं के कर्तव्यों के निर्वहन में आसानी तथा शिशुओं के लाभ के लिए है।

### जम्मू- कश्मीर उच्च न्यायालय ने हैदरी की हिरासत को किया रद्द

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने वरिष्ठ पत्रकार माजिद हैदरी की सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत हिरासत को रद्द करते हुए कहा कि उनकी हिरासत का आधार अस्पष्ट तो था ही साथ ही उसका वर्तमान परिस्थितियों से कोई साफ संबंध भी नहीं था। एक स्वतंत्र पत्रकार और प्रमुख टीवी टिप्पणीकार माजिद हैदरी को सितंबर 2023 में उनके आवास से गिरफ्तार किया गया था। उन पर आपराधिक साजिश, जबरन वसूली, धमकी और मानहानि जैसे आरोप लगाए गए थे। बाद में, उन पर पीएसए के तहत मामला दर्ज किया गया और उन्हें कोट भलवाल जेल में रखा गया।